राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर
प्रेस–नोट

क्रमांक : एफ.6(33) परीक्षा 'क'/प्राध्यापक/(संस्कृत शिक्षा)/2016–2017/7768 दिनांक : 30.03.2021

आयोग द्वारा जारी प्राध्यापक–**सामान्य व्याकरण** (संस्कृत शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा–2018 की अतिरिक्त विचारित सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों हेतु प्रेस–विज्ञप्ति दिनांक 02.03.2021 जारी कर दिनांक 08.03.2021 को काउंसलिंग आयोजित की गई। उक्त काउंसलिंग में किसी कारण से अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा दिनांक 23.03.2021 को पुनः काउंसलिंग हेतु आमंत्रित किया गया, जिसमें कतिपय अभ्यर्थी अनुपस्थित ही रहे है। आयोग द्वारा अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों को दिनांक 05.04.2021 को समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक उपस्थित होने हेतु एक अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है।

अतः उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे काउंसलिंग के संबंध में पूर्व में जारी आवश्यक दिशा–निर्देश के तहत् वांछित दस्तावेज आदि के साथ उक्त उल्लेखित दिवस में काउंसलिंग हेतु काउंसलिंग स्थल–राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर में उपस्थित होवें। इस हेतु पूर्व मे ऑनलाईन जारी काउंसलिंग–पत्र ही मान्य होगा अलग से कोई पत्र जारी नही किया जायेगा। विस्तृत जानकारी हेतु आयोग के पूर्व प्रेस–नोट दिनांक 02.03.2021 का आयोग की वेबसाईट www.rpsc.rajasthan.gov.in पर अवलोकन करे।

उक्त निर्धारित दिनांक को काउन्सलिंग में उपस्थित नहीं होने पर अभ्यर्थी को काउन्सलिंग से वंचित कर दिया जायेगा, इस हेतु अन्य कोई अवसर देय नहीं होगा। काउंसलिंग मे अनुपस्थित रहे अभ्यर्थी अन्तिम परिणाम हेतु विचारित योग्य नहीं होंगे, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी। काउंसलिंग हेतु उपस्थित होने वाले सभी अभ्यर्थियों को कोविड-19 महामारी के संबंध में राज्य/केन्द्र सरकार द्वारा जारी निर्देशों (Guideline) की पूर्णतः पालना करना आवश्यक है। **काउन्सलिंग में शामिल अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।**

(नीतू यादव)
संयुक्त सचिव